**राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज, आजमगढ़ के प्रशासकीय परिषद की दिनांक 11 अप्रैल 2019, दिन गुरूवार को अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद की अध्यक्षता में बैठक कक्ष, राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज, आजमगढ में सम्पन्न पंचम बैठक का कार्यवृत्त :-**

**बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री बालकष्ण ठरड<br>अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद<br>राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज,<br>आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुरेन्द्र प्रसाद<br>संयुक्त निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा पूर्वी क्षेत्र,<br>वाराणसी | उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा नामित - उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री विजय कुमार सिंह<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन<br>आजमगढ़ मण्डल,<br>आजमगढ़ | वित्त विभाग द्वारा नामित - सदस्य |
| 4. | प्रो0 एस0 के0 श्रीवास्तव<br>विभागाध्यक्ष, फार्मेसी विभाग<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0एच0यू0),<br>वाराणसी | निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0एच0यू0), वाराणसी द्वारा नामित - सदस्य |
| 5. | श्री इफ्तेखार अहमद<br>प्राचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज,<br>आजमगढ़ | निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय द्वारा नामित - सदस्य |
| 6. | प्रो0 रामजी अग्रवाल,<br>सिविल इन्जीनियरिंग विभाग<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0एच0यू0),<br>वाराणसी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 डी0 के0 सिंह,<br>प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इन्जीनियरिंग विभाग<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर | सदस्य |
| 8. | प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय<br>निदेशक, राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज,<br>आजमगढ़ | सदस्य/ सचिव |

बैठक में प्रस्तावित परिषद द्वारा प्रस्तावित एजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नवत् निर्णय लिये गये :-

**05:01 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद द्वारा कार्यवृत्त का अवलोकनोपरान्त सहमति सहित पुष्टि की गयी।

**05:02 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक में लिए गये निर्णय पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

परिषद द्वारा चतुर्थ बैठक दिनांक 08.01.2019 के अन्तर्गत लिए गये निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाही से अवगत हुई।

**05:03 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के बाद संस्थान में हुए विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक क्रिया-कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद चतुर्थ बैठक दिनांक 08.01.2019 के उपरान्त संस्थान के क्रिया कलापों से अवगत हुई एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया।

**05:04 यान्त्रिक अभि0 विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद (एन0बी0ए0) में आवेदन की सूचना।**

परिषद यान्त्रिक अभि0 विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद (एन0बी0ए0) में प्रत्यायन हेतु किये गये आवेदन की सूचना से अवगत हुई तथा इस विषय में परिषद द्वारा निम्न सुझाव दिये गये :-

1. संस्थान से परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले समस्त पुरातन छात्रों का पंजीकरण अनिवार्य है।
2. अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद के नवीन आदेश के अन्तर्गत समस्त छात्रों से वर्ष में दो बार फीडबैक लिया जाना आवश्यक है।

**05:05 संस्थान परिसर में राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति।**

परिषद संस्थान परिसर में राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत हुई। परिषद द्वारा निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद कार्यदायी संस्था को कार्य विगत बैठक में निर्धारित तिथियों में पूर्ण न किये जाने के कारण अपनी नाराजगी व्यक्त की एवं अगली बैठक में सकारात्मक प्रगति के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया।

इस पर कार्यदायी संस्था के महाप्रबन्धक के द्वारा पुरुष छात्रावास द्वितीय तल के निर्माण कार्य को दिनांक 20 अप्रैल 2019 तक, तृतीय तल के निर्माण कार्य को दिनांक 15 मई 2019 तक एवं शैक्षणिक भवन के द्वितीय तल के निर्माण कार्य को दिनांक 30 जून 2019 पूरा करवाने तथा इसके साथ ही परियोजना के सम्पूर्ण निर्माण कार्य को माह दिसंबर 2019 तक पूरा करवाने का आश्वासन दिया गया।

**05:06 नियमित शिक्षकों के पदों के विज्ञापन 2019 के सापेक्ष प्राप्त आवेदनों की सूचना।**

परिषद नियमित शिक्षकों के पदों के विज्ञापन 2019 के सापेक्ष प्राप्त आवेदनों की सूचना से अवगत हुई।

11.04.19

**05:07 टेक्विप योजना के अन्तर्गत अद्यतन गतिविधियों, प्रगति आख्या एवं प्रोक्योरमेंट प्लान पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद टेक्विप योजना के अन्तर्गत प्रगति से अवगत हुई एवं प्रस्तावित एक्शन प्लान, प्रोक्योरमेंट का अवलोकनोपरान्त सम्यक विचार कर अनुमोदन प्रदान किया।

**05:08 दीन दयाल गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष प्रस्ताव, प्रगति पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा दीन दयाल गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय दिनांक 30.01.2019 योजना बैठक के मद संख्या 05 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रस्ताव का अवलोकनोपरांत अनुमोदन प्रदान किया गया।

**05:09 संस्थान की वित्तीय लेन-देन के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ यूनियन बैंक आफ इण्डिया के चयन पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा संस्थान के वित्तीय प्राप्तियों के अनुरक्षण के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ यूनियन बैंक आफ इण्डिया में खाता खोलने एवं संस्थान कार्यों के लिए संस्थान खातों के संचालन किये जाने हेतु अनुरोध पर विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**05:10 डा0 मुनेश चन्द्र, सह आचार्य, आई0टी0 विभाग के परीवीक्षा अवधि में दिये गये त्याग पत्र का अनुमोदन।**

परिषद ने डा0 मुनेश चन्द्र एसोसिएट प्रोफेसर आई0टी0 विभाग के द्वारा परीवीक्षा अवधि में दिए गये त्याग-पत्र का अवलोकन किया एवं त्याग पत्र के स्वीकार किये जाने की कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**05.11 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से परिषद द्वारा अन्य निम्न सुझाव दिये गये :-

1. नये ब्रांच, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग एवं कम्पूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के खोले जाने हेतु संस्थान द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजकर अनुमति प्राप्त की जाये।
2. संस्थान के समस्त शिक्षकों को कान्फ्रेंस/ सेमिनार/ पेपर प्रजेंटेशन इत्यादि में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

11.04.19

**(प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय)**
**सदस्य/ सचिव**
**प्रशासकीय परिषद**
**राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज**
**आजमगढ़**

11.04.19

**(बालकष्ण ठरड)**
**अध्यक्ष**
**प्रशासकीय परिषद**
**राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज**
**आजमगढ़**